## एक नजर में

### पहले डाक टिकिट पैनी ब्लैक पर हुई चर्चा



**इंदौर.** इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यूमिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा में विश्व के पहले डाक टिकिट पैनी ब्लैक का प्रदर्शन किया गया और महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के 1966 के सिक्के के बारे में भी दिलचस्प चर्चा की गई। सभा में मुख्य अतिथि प्रसिद्द डाक टिकिट संग्राहक लायन सुधीर जैन का सम्मान कर उन्हें इंदौर फिलेटेलिक ज्ञान रत्न सम्मान दिया गया. कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने बताया कि रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफ़ी हाउस पर आयोजित इस सभा में मुख्य संरक्षक एवं मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य ने सुधीर जैन की उपलब्धियां बताते हुए उनका सम्मान किया. सम्मानपत्र का वाचन शिवम चतुर्वेदी ने किया. अध्यक्ष रवीन्द्रनारायण पहलवान ने एलिजाबेथ द्वितीय के 1966 में जारी सिक्के के बारे में जानकारियां दी जबकि लक्ष्मीकांत जैन ने विश्व के पहले डाक टिकिट पैनी ब्लैक का प्रदर्शन किया. आर्यन रामचंदानी ने विशेष आवरण के संकलन का प्रदर्शन किया. सदस्यों को सुधीर जैन, मुकेश पाटीदार, सुरेन्द्र मेहता द्वारा उपहार भेंट किए गए. इस अवसर पर आईपीएस जैनिज्म थिमेटिक ग्रुप का गठन कर जयंत डोसी को चेयरमैन, आईपीएस रोटरी थिमेटिक ग्रुप का गठन कर आलोक खादीवाला को तथा आईपीएस हिन्दू माइथोलॉजी थिमेटिक ग्रुप में डॉ. मुकेश पाटीदार को चेयरमैन बनाया गया। नील-मनीषा जैन को बधाइयाँ दी गईं। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने किया.

### साधु-संतों की सुरक्षा के लिए जैन समाज आज निकालेगा रैली




**इंदौर.** आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित आर्यिका उपशम मति माताजी एवं आर्यिका श्रुत मति माताजी की दुर्घटना में असामयिक समाधि मरण से संपूर्ण भारत वर्ष का जैन समाज अत्यंत दुखी एवं आक्रोशित है. इसके विरोध स्वरूप एवं साधु संतो की सुरक्षा हेतु समग्र जैन समाज देशभर में शहर के मुख्य चौराहों से रैली निकाल कर कलेक्टर कार्यालय तक जाएगा व कलेक्टर महोदय को जवाबदार लोगों के नाम का ज्ञापन देगा. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दुर्घटना का वीडियो देखने के बाद हम इसे घटना नहीं मान सकते, ये कुछ संगठनों की सोची समझी रणनीति के तहत किया गया कार्य ह. साधु संत देश की धरोहर है, उनकी सुरक्षा करना हमारा व शासन का प्रथम कर्तव्य है. हम चाहते हैं अहिंसा के पथिक सुरक्षित हो. विनय बाकलीवाल एवं सतीश जैन ने बताया कि इंदौर में भी सकल जैन समाजजन 25 मई को प्रातः 8 बजे राजबाड़ा पर एकत्रित होंगे. पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में व महिलाएं केसरिया साड़ी में, हाथों में संदेश की तख्ती लेकर कलेक्टर कार्यालय तक जाएंगी और कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के पदाधिकारी देवेंद्र सोगानी, डी के जैन, जेनेश झांझरी, पिंकेश टोंग्या, सुरेंद्र बाकलीवाल, सुदीप जैन, महावीर जैन, अनामिका बाकलीवाल, वीरेंद्र बड़जात्या, आदि अन्य पदाधिकारियों ने समग्र जैन समाज से अपील की है कि वे आवश्यक रूप से कल इसमें सम्मिलित होकर एकता का परिचय दें.

### कृष्ण-सुदामा जैसी सच्ची मित्रता कहीं नहीं



**इंदौर.** कृष्ण-सुदामा जैसी मित्रता कहीं नहीं है, उनकी जैसी मित्रता हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए. संसार में हर मनुष्य को कर्तव्य करते रहना चाहिए, जिस व्यक्ति के जीवन में परमात्मा का आगमन हो जाता है उसका जीवन सफल हो जाता है. भगवान के दर्शन करने मात्र से ही मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है. दिव्य संदेशों को जीवन में अवश्य धारण करना चाहिए. यह बातें अधिक मास के पावन अवसर पर पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में आयोजित आचार्य बालकृष्ण शास्त्री ने सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिन कही. मंजुला शर्मा, ऋतु तिवारी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में सातवें दिन श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर श्री कृष्ण सुदामा चरित्र हुआ महिलाओ ने भजनों पर नृत्य किया, सभी भक्त झूम उठे, कथा सुनने बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे. 7 दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ. महिलाओ ने भजनों पर नृत्य किया, सभी भक्त झूम उठे, कथा सुनने बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। भजनों पर महिलाएं झूम उठी. राधे राधे के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कथा में मंगलपीठाधीश्वर स्वामी माधवचार्य महाराज सहित अन्य संतों का आगमन हुआ. महाराज श्री ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया. पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज, प्रमोद जोशी ने महाराजश्री का स्वागत किया.

### समुदाय में रहना सिखाता है नाटक



**इंदौर.** नाटक मनुष्य को संवेदनशीलता के साथ समुदाय में रहना भी सिखाता है। कैरियर की नई - नई राह खोलने के अलावा बेहतर इंसान भी बनाता है नाटक। विभिन्न कलाओ का समुच्चय है नाटक. यह बात वरिष्ठ पत्रकार एवं समीक्षक प्रवीण जोशी ने 10 दिवसीय थियेटर वर्कशॉप में बच्चों के बीच कही. जोशी ने आगे कहा कि अभ्यास भी गुरु है, अतः रोजाना अभ्यास करे, परिश्रम से जी नहीं चुराए। इसका कोई शॉर्टकट नही होता. नियमित डायरी लेखन करे और उत्साह को कम नहीं होने दे. यह जानकारी निशांत सांस्कृतिक मंच के प्रमुख प्रमोद नामदेव ने दी. उन्होने बताया कि यह आयोजन लालाराम नगर स्थित एक निजी स्कूल में किया जा रहा है. इस वर्कशॉप मे बच्चों को थियेटर की बारीकिया सिखाई जा रही है. एडवोकेट शिवांगी मैडम ने बताया कि समापन दिवस पर बच्चे 2 नाटकों की प्रस्तुति देंगे.

### 20 लाख का गोल्ड लेकर फरार

इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र में गोल्ड लोन कंपनी की शाखा में 20 लाख रुपए के सोने की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. आरोपी सोना लेकर फरार हो गया और संपर्क भी बंद कर दिया. घटना जवाहर मार्ग स्थित मनप्पुरम शाखा की है. फरियादी आशुतोष पाण्डेय ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि खातीपुरा निवासी सपना मालाकार ने षड्यंत्रपूर्वक धोखाधड़ी करते हुए करीब 20 लाख रुपए का गोल्ड लेकर हड़प लिया. घटना के बाद से आरोपी का मोबाइल बंद है और संपर्क नहीं हो पा रहा है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी में केस दर्ज किया है.

# चोरल में सबसे अधिक 54 गिद्ध दर्ज, 69 इजिप्शियन प्रजाति के

**महू व रालामंडल में एक भी नहीं दिखा**

**संभाग में गिद्धों की ग्रीष्मकालीन गणना पूरी**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. संभाग में तीन दिन तक चली ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना रविवार 24 मई को पूरी हो गई. गणना में 69 इजिप्शियन प्रजाति के गिद्ध दर्ज किए गए. इसमें सबसे अधिक 54 गिद्ध चोरल क्षेत्र में मिले, जबकि महू और रालामंडल में एक भी गिद्ध नजर नहीं आया.**

वन विभाग और संबंधित टीमों द्वारा किए गए सर्वे में इंदौर क्षेत्र में 11 गिद्ध दर्ज किए गए, जबकि मानपुर में इनकी संख्या 4 रही. चोरल क्षेत्र गिद्धों के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल स्थान के रूप में सामने आया, जहां अकेले 54 गिद्ध देखे गए. दूसरी ओर महू और रालामंडल क्षेत्र में गिद्धों की अनुपस्थिति चिंता का विषय बनी हुई है. पूरी गणना में सभी गिद्ध इजिप्शियन प्रजाति के पाए गए, जो कि पर्यावरण संतुलन के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाते हैं. डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने बताया कि गिद्धों की घटती संख्या पर लगातार निगरानी और संरक्षण प्रयास जरूरी हैं, ताकि इस प्रजाति को सुरक्षित रखा जा सके.

# जैव विविधता कार्यशाला : युवाओं को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

- **अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर किया दो दिवसीय आयोजन**
- **विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर**



नव भारत न्यूज

**इंदौर. वन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गई. इसमें कॉलेज छात्रों और एमपीपीएससी अभ्यर्थियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर स्थानीय स्तर पर प्रकृति संरक्षण की बारीकियां सीखीं.**

कार्यशाला की इस वर्ष की थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना रखी गई थी. कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक पी.एन. मिश्रा, वनमंडलाधिकारी सुधाकर सिंह, उप वनमंडलाधिकारी अमित सोलंकी, रेंजर संगीता ठाकुर और प्रशिक्षु रेंजर पायल शर्मा मौजूद रहे. मुख्य वन संरक्षक मिश्रा ने जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए हर जीव और वनस्पति का संरक्षण जरूरी है. उन्होंने युवाओं को स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए बड़े बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया.

**युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना उद्देश्य**

रेंजर संगीता ठाकुर ने अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बताया कि सिविल सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं को इस तरह के कार्यक्रमों से जोड़ने का उद्देश्य उन्हें शुरुआती स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, ताकि भविष्य में वे शासकीय सेवाओं में रहकर बेहतर कार्य कर सकें. कार्यक्रम में अधिकारियों ने प्रतिभागियों के सुझाव भी सुने और उनकी सराहना की, जिससे जनभागीदारी को बढ़ावा मिला. कार्यशाला के दौरान पेंटिंग, भाषण और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं.

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता...**

पेंटिंग में गरिमा बंसल और हर्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. भाषण प्रतियोगिता में कुलदीप चतुर्वेदी, सतीश मिश्रा और शुभम पाटीदार विजेता रहे. क्विज में पूजा शर्मा, रोहित सेनानी और मंसाराम ने बाजी मारी. कार्यक्रम के सफल आयोजन में वालंटियर स्वप्निल नीरज और श्रतिका चौहान की अहम भूमिका रही. अंत में वन विभाग ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देकर कार्यशाला का समापन किया.

# राजमोहल्ला में युवती से मिलने पहुंचे नगर सैनिक की पिटाई

- **रहवासियों ने लगाए चोरी-छेड़छाड़ के आरोप**
- **सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी**



**इंदौर. राजमोहल्ला क्षेत्र में एक युवती से मिलने पहुंचे होमगार्ड के नगर सैनिक को रहवासियों ने पकड़कर जमकर पीट दिया. इस दौरान उस पर चोरी और छेड़छाड़ के आरोप भी लगाए गए. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नगर सैनिक को थाने लाकर मामले की जांच शुरू की गई है.**

रविवार शाम करीब 4.30 बजे की घटना बताई जा रही है. छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार द्वारकापुरी निवासी नगर सैनिक प्रशांत श्रीवास एच कॉलोनी में एक युवती से मिलने पहुंचा था. इसी दौरान इलाके के लोगों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट कर दी. हंगामे के बीच उस पर घर में घुसकर चोरी और युवती से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए गए. सूचना मिलने पर मल्हारगंज थाना की एफआरवी मौके पर पहुंची और नगर सैनिक को अपने साथ छत्रीपुरा थाने ले आई. मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई.

**सैनिक बोला... मंगेतर से मारपीट करने वाले युवक की तलाश में गया था**

प्रारंभिक पूछताछ में नगर सैनिक ने बताया कि उसकी मंगेतर के साथ राजमोहल्ला निवासी एक युवक ने मारपीट की थी. वह उसी युवक को तलाशने के लिए यहां आया था. युवक के घर पहुंचने पर वहां मौजूद लोगों और आसपास के रहवासियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी. बचने के दौरान वह भागा और एक नाले में गिर गया. थाना प्रभारी ने बताया कि युवती भी द्वारकापुरी क्षेत्र की रहने वाली है. मामले में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत

**इंदौर. बड़गोंदा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए.**

घटना एबी रोड फोरलेन स्थित शक्ति कोल्ड स्टोर के पास की है. शनिवार देर रात एक अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को साइड से टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही कार का संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी लेन में जाकर एक पिकअप से टकरा गई. हादसे में कार चला रहे कृष्णपाल सिंह तोमर को सीने सहित शरीर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं शोभना, भावना और मिथलेश को हाथ, पैर, कमर और पेट में चोटें आई हैं. पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### मशीन में फंसा नाबालिग का हाथ, कोहनी के नीचे से कटा

इंदौर. बेटमा थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम के दौरान बड़ा हादसा हो गया. टोस्ट बनाने की मशीन में हाथ फंसने से नाबालिग का हाथ कोहनी के नीचे से कट गया. घटना शनिवार 16 मई को ग्राम कालासुरा पहाड़ी स्थित सुफा बेकरी कंपनी की है. 16 वर्षीय चेतन नागोरे काम कर रहा था, तभी उसका हाथ मशीन में फंस गया. मशीन का घूमता हिस्सा चलता रहा, जिससे उसका हाथ कोहनी के नीचे से कटकर अलग हो गया. घायल को तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है. मामले में पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# हमें खुशहाल बनना है तो परमात्मा से जुड़ना जरूरी



- **गीता भवन में भागवत कथामृत का शोभायात्रा से हुआ शुभारंभ**

**इंदौर.** भागवत ऐसा कालजयी ग्रन्थ है जो हमारे परिवारों में प्रेम, सदभाव और आपसी विश्वास को बढ़ा सकता है. विडम्बना है कि आजकल हमारे परिवारों में प्रेम और सदभाव में निरंतर कमी आ रही है. हमारी नई पौध धर्म और संस्कृति के साथ धर्म ग्रन्थों से भी दूर होती जा रही है. यदि वास्तव में हमें शक्तिशाली और खुशहाल बनना है तो परमात्मा से जुड़ना जरुरी है. भागवत कथा स्वार्थी के लिए नहीं, परमार्थी के लिए ही है.

पुरुषोत्तम मास के पावन प्रसंग पर श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज ने मनोरमागंज स्थित गीता भवन के सत्संग सभागृह में रविवार से प्रारम्भ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव में भागवत की महत्ता बताते हुए शुभारंभ सत्र में उक्त आशीर्वचन व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में भागवतजी एवं विद्वान वक्ता की शोभायात्रा भी निकाली गई. आयोजन समिति के प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल एवं बिनोद-सुनीता अग्रवाल के साथ वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, राजेश चेलावत, अवनि अनंत अग्रवाल, राम ऐरन, रामविलास राठी, श्याम अग्रवाल, रश्मि जैन, निरंजन गुप्ता, गोविन्द मंगल, गोपाल मंगल, राजेश गर्ग एवं शिव जिंदल ने नंगे पैर भागवतजी को मस्तक पर धारण कर व्यास पीठ तक पहुँचाया, संयोजक संजय मंगल एवं बिनोद अग्रवाल ने बताया कि गीता भवन में मंगल परिवार की मेजबानी में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में यह दिव्य आयोजन 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक चलेगा. कथा में इस बार सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा.

# जैन समाज के सिद्धांतों को ऊंचा उठाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे

- **जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के नए पदाधिकारियों का शपथविधि समारोह**



**इंदौर.** जैन समाज के लिए सेवा का सूत्र सर्वोपरि रहा है. अभा जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के देश में 140 समूह हैं जिनमें 2400 से अधिक दम्पत्ति अपनी सेवाएँ दे रहे हैं. अब समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और संस्कार आधारित स्थायी प्रकल्पों को पहुँचाने की जरूरत है. यदि इस तरह के कोई भी प्रकल्प सामने आते हैं तो समाज के समृद्ध लोग हरसम्भव सहयोग कर जैन समाज के आदर्शों और सिद्धांतों को ऊँचा उठाने के लिए हर समय तत्पर रहेंगे. ये विचार हैं समाजसेवी एवं उद्योगपति जयसिंह जैन के, जो उन्होंने रविवार को लता मंगेशकर ऑडिटोरियम पर आयोजित फेडरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश-प्रीति कोठारी के शपथ विधि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए. समारोह में उद्योगपति महेश गुप्ता, समाजसेवी कैलाश नाहर, अध्यक्ष (इलेक्ट) नरेन्द्र भंडारी, निवृतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर-शोभा जैन, मप्र गृह निर्माण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा जैन, कार्याध्यक्ष गौतम मूणत, चेयरमैन अखिल चौधरी, पूर्व कुलपति डॉ. नरेन्द्र धाकड़, दिलीप सी जैन, दिलीप सिसोदिया, राजेंद्र सुराणा, प्रकाश भटेवरा, पीयूष जैन, राजेंद्र जैन, नरेन्द्र संचेती, वीरेन्द्र जैन, संजय नाहर, दीपक जैन टीनू सहित समाज के सभी प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इस अवसर पर कोठारी के साथ गौतम मूणत कार्याध्यक्ष, अखिल चौधरी चेयरमैन, रितेश कटकानी, सुनील मारवाड़ी, निर्मल पगारिया एवं नीरज जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमलेश सामोता, विनोद कुकड़ा तथा संजय जैन उपाध्यक्ष, सुनील तांतेड, पंकज बाफना एवं अशोक मोदी महासचिव, सीए विनोद जैन कोषाध्यक्ष, सुनील मुरडिया, संध्या छाजेड एवं पंकज जैन पोरवाल सचिव तथा संजय जैन प्रचार सचिव ने भी समाजसेवा की शपथ ग्रहण की.

**सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा**

नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश कोठारी ने इस अवसर पर कहा कि अध्यक्ष का पद सेवा, परिश्रम और उत्तरदायित्व से जुड़ा ऐसा पद है जिसके माध्यम से हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, मानव सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ना होगा. समारोह को समाजसेवी कैलाश नाहर, प्रकाश भटेवरा, संजय नाहर, मुस्कान कोठारी सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया और फेडरेशन के माध्यम से समाज को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए.

### सौतेले पिता ने की बेटी के साथ अनुचित हरकत, केस दर्ज

**इंदौर.** बेटमा थाना क्षेत्र में सौतेले पिता द्वारा एक किशोरी से अनुचित हरकत करने का मामला दर्ज किया गया है. किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सौतेले पिता के खिलाफ कार्रवाई की है. घटना देर रात मिड इंडिया टाउन कॉलोनी मेठवाड़ा की बताई गई है. शिकायत के अनुसार आरोपी बबलु उर्फ घमंडीलाल यादव ने घर में अकेली पाकर किशोरी के साथ गलत हरकत की.

# बरलाई-शिप्रा रेलवे ब्रिज पर अंधेरा, महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा

**इंदौर.** सांवेर रोड स्थित बरलाई-शिप्रा रेलवे ब्रिज पर लंबे समय से बंद पड़ी लाइटों ने सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है. रात में अंधेरे के बीच आसपास की फैक्ट्रियों में काम करने वाली महिलाएं जान जोखिम में डालकर इस पुल से गुजरने को मजबूर हैं. ग्रामीणों का कहना है कि पुल पर अंधेरा रहने से आए दिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है. पास ही शराब दुकान होने के कारण रात में नशे में धुत लोग पुल पर हंगामा करते हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है. लोगों ने सवाल उठाया कि अगर किसी महिला के साथ घटना या हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि इंदौर-देवास रेलवे लाइन पर बने इस ब्रिज का निर्माण कांग्रेस शासनकाल में हुआ था. मंडलोई ने बताया कि शुरुआत में यहां लाइटें चालू थीं, लेकिन कुछ समय बाद बंद हो गईं और अब तक सुधारी नहीं गईं. गग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिन के भीतर ब्रिज की लाइटें चालू नहीं की गईं तो पुल पर ही गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जाएगा. पूर्व सरपंच राजा पटेल, पूर्व जनपद सदस्य प्रहलाद डाबी, नाथूलाल, अमित पटेल, मनोहर पटेल सहित कई लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है.

**एक नजर में** | **कलयुग में भगवान प्राप्ति हरि नाम के माध्यम से : यतींद्रचार्य**

# आम की रस के धार से किया वेंकटेश बालाजी का अभिषेक

**इंदौर. भगवान मिल सकते हैं पूजा से मिल सकते हैं, यज्ञ से मिल सकते हैं, आप जो सत्कर्म करते हैं उससे मिल सकते हैं. लेकिन सबसे सरल माध्यम इस कलयुग में भगवान की प्राप्ति का हरि नाम जप है.**



उपरोक्त विचार युवराज स्वामी यतींद्रचार्य महाराज ने श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान पर आम्र अभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किये. युवराज स्वामी ने कहा भगवान भाव के भूखे होते हैं भावपूर्वक नाम जप भी पर्याप्त है. श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान पर आज आम रस की धार से प्रभु वेंकटेश बालाजी का अभिषेक किया गया. मंदिर समिति के हरिकिशन साबू मनोहर सोनी एवं नितिन तापड़िया ने बताया कि इसके पूर्व श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी पर शुरुआत में लाठी परिवार राजेंद्र नगर एवं सोनी परिवार तराना द्वारा 51 रजत कलश का पूजन किया गया. कलश के ऊपर नारियल रखा हुआ था और अंदर सप्त नदियों के जल उसमें भरा हुआ था वेद मंत्र से उसे अभिमंत्रित किया गया और भगवान श्री बालाजी का अभिषेक प्रारंभ किया गया साथ ही उत्सव विग्रह का भी अभिषेक किया गया. दूध दही शक्कर शहद इत्यादि द्रव्यों का प्रयोग भी अभिषेक के लिए किया गया. वहीं 100 किलो से अधिक आम के रस की धार से प्रभु वेंकटेश बालाजी का अभिषेक में किया गया. अभिषेक के दौरान श्रीसूक्त, पुरुष सूक्त, अलविंदर स्तोत्र वेंकटेश स्तोत्र का पाठ भी किया गया. जैसे ही आम रस से अभिषेक प्रारंभ हुआ हरिकिशन साबू भोपू जी ने भजनों की धुन छेड़ी आम का रस छलके हरि के ऊपर आम का रस छलके, उन्होंने करके इशारों बताई गई रे बरसाने की छोरी सहीत कई भजन की रस गंगा यहां पर बहाई.



### भजनों पर थिरके श्रद्धालु

भजनों पर श्रद्धालु अपने को थिरकने से रोक नहीं पाए. तत्पश्चात भगवान का श्रृंगार करके आरती की गई एवं भक्तों को आमरस के प्रसाद का वितरण किया गया. इस अवसर बंशीधर सोमानी, हरक चंद बियानी, भगवानदास हेडा, कालू शारदा कैलाश जोशी, अशोक अग्रवाल, राजा लड्ढा, मदन बंग, अनुराग तिवारी, राम हुरकत ,पदमा सोनी, सरला हेड़ा, शारदा साबू, बलराम समदानी , राजेंद्र मंत्री प्रदीप साबू, अक्षय काबरा, नारायण मालानी,आदि उपस्थित थे.

# धर्म और सनातन संस्कृति के बिना मनुष्य का उत्थान नहीं : पं. प्रपन्नाचार्य

- **हनुमत महायज्ञ में 3.20 लाख आहुतियां**

**इंदौर.** राम का गुणगान शरीर के अंगों को पवित्र बनाता है. मन की पवित्रता के बिना की गई भक्ति सार्थक नहीं हो सकती. धर्म और सनातन संस्कृति के बिना मनुष्य का उत्थान नहीं हो सकता. भगवान शिव सचमुच भोले भंडारी हैं जो केवल जल से ही प्रसन्न हो जाते हैं. उन्हें मेवा, मिष्ठान या 56 भोग की जरूरत नहीं. हम लाख बार मंदिर चले जाएं, रोज घंटों पूजा-पाठ कर लें, आरतियाँ भी गा लें लेकिन यदि मन में शुद्धता नहीं होगी तो हमारे ये सारे प्रयास व्यर्थ हो जाएँगे. राम कथा जीवन के सभी संशयों को दूर करती है.

ये विचार हैं श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज के, जो उन्होंने हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर रविवार शाम को राम कथा में शिव पार्वती विवाह प्रसंग की व्याख्या करते हुए व्यक्त किए. आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में डॉ. सुरेश चोपड़ा, ललित अग्रवाल, राऊ के एसडी एम गोपाल वर्मा, बालकृष्ण छाबछरिया, संतोष कुमार सिंह, सुधीर अग्रवाल, विजय सिंह राणा आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया.

अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सीताराम नरेडी एवं संस्कृत विद्यापीठ के बटुकों ने किया. श्रीराम कथा में सोमवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव प्रसंग होगा. कथा दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक हो रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण का पुण्य लाभ उठा रहे हैं. वृन्दावन के भजन गायक एवं संगीतकारों का जादू भी श्रोताओं पर सिर चढ़कर बोलने लगा है. रविवार को सुबह आश्रम पर यज्ञाचार्य पं. ललित पाठक के निर्देशन में 51 विद्वानों ने आश्रम परिसर में निर्मित यज्ञशाला में चल रहे हनुमत महायज्ञ में अब तक यहाँ 3 लाख 20 हजार आहुतियाँ समर्पित की जा चुकी हैं.